सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

अधिसूचना

एतद्द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक 620 / स0क0 / छा0 / बायो0–आधे0 / 2024–25 दिनॉक–19.11.2024 द्वारा **दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओं का संस्थान द्वारा डाटा अग्रसारित करने का निर्देश प्राप्त है।** जिसके क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध समस्त जपनदों के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि उक्त संलग्न पत्र का अवलोकन करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– जिला समाज कल्याण अधिकारी सिद्धार्थनगर द्वारा प्रेषित पत्र की छायाप्रति।

भवदीय

20/11/24

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 248 /सूचना/2024 दिनांक– 20/11 /2024

प्रतिलिपि, निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी कोडिंग सेल को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट तथा कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल में संरक्षित हेतु।

कुलसचिव,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रेषक,

जिला समाज कल्याण अधिकारी
सिद्धार्थनगर।

सेवा में

समस्त शिक्षण संस्था
जनपद सिद्धार्थनगर।

पत्रांक 620 /स0क0/छा0/बायो0–आथे0/2024–25 दिनांक 19 नवम्बर, 2024

विषय– **पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र/छात्राओ का संस्थाओ द्वारा डाटा अग्रसारित करने के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

कृपया उपर्यक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत **अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति** एवं सामान्य वर्ग छात्रो के डाटा को अग्रसारित करने के लिये छात्रवृत्ति पोर्टल निदेशालय समाज कल्याण एव राज्य एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा छात्र/छात्राओ के बायोमैट्रिक आथेटिन्केशन हेतु आप्शन उपलब्ध करा दिया गया है।

संस्थाओ को छात्र/छात्रो के डाटा अग्रसारित करने के लिये निम्नलिखित दिशा निर्देश के अनुसार कार्यवाही की जानी है।

1. सर्वप्रथम संस्था के पास Access FM220U L1 बायोमैट्रिक डिवाइस होना चाहिए।
2. बायोमैट्रिक डिवाइस चलाने के लिये https://www.acpl.in.net/RdService.html? पर जाकर निम्नानुसार 02 डिवाइस ड्राईवर डाउनलोड किया जाना है।

   iv. Windows Certified RD Service For L1 Devices
   v- Windows Support Tools For L1 Devices

   उक्त दोनो ड्राईवर डाउनलोड होने के बाद अपने सिस्टम (कम्प्यूटर) मे Install करेगें। उसके बाद डिवाइस को कम्प्यूटर मे लगा देगे।
3. संस्था छात्रवृत्ति पोर्टल पर लॉगिन करके पहले सभी छात्रो के फार्म को Recived करेगे, पात्र छात्रो के डाटा को आवेदन पत्रो से मिलान करते हुए Verify करेगे।
4. छात्रो के आवेदन पत्र को Verify करने के बाद biometric Autt.. आप्शन पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के समस्त छात्रो का डाटा प्राप्त होगा, छात्रो के नाम के आगे Click Hear बटन पर जाकर क्लिक करेगें, capture बटन पर Click करते ही डिवाइस मे Red कलर की लाइट जलने लगेगी उसके उपरान्त सम्बन्धित छात्र का डिवाइस पर फिंगर (छात्र अपने हथेली मे से कोई भी फिंगर लगा सकता है।) लगा कर बायोमेट्रिक आथेटिन्केशन करते के बाद Submit बटन पर Click कर देगे। (सुविधा के लिये संस्था पहले छात्रो के आवेदन पत्र को Verify कर ले उसके उपरान्त बायोमैट्रिक की कार्यवाही करे)
5. छात्र/छात्राओ के बायोमैट्रिक आथेटिन्केशन होने के उपरांन्त Forword Next level पर जाकर प्राप्तांक, पूर्णाक, उपस्थिति आदि भरकर डाटा को अग्रसारित कर देगे।

अतः जनपद मे स्थिति समस्त संस्थाए छात्रो का अपने लॉगिन पोर्टल पर बायोमैट्रिक आथेटिन्केशन कराते हुए छात्रवृत्ति डाटा को अग्रसारित करने का कष्ट करे।

इसको शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करे।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(एम0पी0 सिंह)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
सिद्धार्थनगर

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर।
3. मुख्य विकास अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
4. कुल सचिव सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि सम्बन्धित संस्थाओ को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करे।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक को सिद्धार्थनगर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि सम्बन्धित संस्थाओ को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करे।
6. उपनिदेशक, समाज कल्याण बस्ती, मण्डल बस्ती।
7. जिला अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सिद्धार्थनगर।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
सिद्धार्थनगर।